छोड़ ना कलाई मेरी

सांवरिया हम है दिवाने तेरे नाम के,
छोड़ ना कलाई मेरी थामके……….

सेवा भाव मिले जो तेरा,
धन्य हो पापी जीवन मेरा ,
प्रेमी है पागल, खाटू धाम के…..

नजर क्यू हमसे मोड़ रहे हो,
साथ सफर में छोड़ रहे हो ,
हम क्या रहे ना किसी काम के ……..

सुख ना कोई सलोना मांगू,
ना चांदी ना सोना मांगू ,
चाहते हैं दर्शन सुबहो शाम के….

मै नही कहता गले से लगाओ,
पन्ना को ना चरणों से हटाओ,
बेधड़क है प्यासे श्याम नाम के…..

सांवरिया हम है दिवाने तेरे नाम के,
छोड़ ना कलाई मेरी थामके……….

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31118/title/chorh-na-kalayi-meri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |